
## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 09.12.2024 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त


जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 09.12.2024 को जिलाधिकारी महोदय, अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. श्री संजय कुमार बर्मन, मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
2. श्री सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।
3. उपजिलाधिकारी, देवबन्द।
4. तहसीलदार, नकुड, बेहट एवं रामपुर मनिहारन।
5. श्री योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. श्री अनुज कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
7. श्री शैंकी देव, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
8. श्री दुष्यन्त कुमार, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
9. श्री सौरभ गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
10. श्री अमित कुमार, अवर अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
11. श्री शीलम शंकर, टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
12. श्री भंवर सिंह, महाप्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
13. श्री अशोक शर्मा, महाप्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
14. श्री विनीत अग्रवाल, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा-जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।
15. मौ0 आकिब, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा-जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर द्वारा जिलाधिकारी महोदय को एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया, बैठक में जिलाधिकारी महोदय फर्मो की प्रगति एवं पुर्नस्थापित सड़को पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता को प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी)**





MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\1

BE

Baba G.A Infra

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं जनपद में तैनात समस्त फर्मो द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक दिनांक 11.11.2024 को दिये गये वर्कप्लान के अनुसार प्रगति की समीक्षा की गयी जिसमें यथा सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य कार्यो का लक्ष्य निर्धारित किये गये थे किन्तु फर्मो द्वारा दिये गये वर्क प्लान में भी प्रगति संतोषजनक नही की गयी जिस पर असंतोष व्यक्त किया एवं फर्मो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0/मै0 जी0ए0 बाबा)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में मै0 एन0के0जी0 प्राईमस् (जेवी) के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के समस्त घटको यथा सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया एवं फर्म के भुगतान की स्थिति से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया फर्म द्वारा 328 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना में 680 किमी के सापेक्ष 224 किमी0 सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुछे जाने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी द्वारा कराये गये 79 नग पेयजल योजनाओं पूर्ण कराने के उपरांत सड़क पुर्नस्थापना का भुगतान वर्ग मी0 के आधार पर किया जाता है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जे0वी0)**

आज दिनांक 09.12.2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय एवं मुख्य अभियन्ता महोदय द्वारा संयुक्त रूप से विकास खण्ड रामपुर मनिहारन की देहरी पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया जिमसें पाईप लाईन व गृह संयोजन के उपरांत लगभग 12 माह से सड़क पुर्नस्थापना का कार्य नही कराया गया है तथा सड़क पुर्नस्थापना के कार्य में पाईप लाईन बिछाने के उपरांत ब्लाक्स, सी0सी0 ब्रिक्स् ट्रेच में न डालने हेतु निर्देशित किया गया एवं फर्म द्वारा कराये गये गृह संयोजन की स्थिति मानकानुसार नही पायी गयी जिसको ठीक कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म को निर्देशित किया गया हैं।

**(मुख्य विकास अधिकारी/कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में कार्यरत मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जेवी) के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के समस्त घटको यथा सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य शरबतपुर विकास खण्ड बलियाखेडी एवं विकास खण्ड देवबन्द में सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की 11 मे से 7 योजना पूर्ण की गयी शेष योजनाओं को पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में कार्यरत मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जेवी) के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन विकास खण्ड नानौता में सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की 11 नग पेयजल योजनाओं मे से 05 योजना पूर्ण की गयी शेष योजनाओं को पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जेवी) के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना हेतु मैन पावर की जानकारी ली गयी जिसमें फर्म द्वारा प्रर्याप्त मेन पावर लगाते हुये कार्यो को पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा जे0वी0)**



Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जेवी) के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में दिये गये वर्कप्लान के अनुसार नसरतपुर पेयजल योजना का पम्प हाउस पूर्ण किया गया एवं विलाशपुर, शेरपुर, उमरी खुर्द को पूर्ण करने हेतु दिनांक 30.11.2024 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था परन्तु पूर्ण नही किया गया है जिसको पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं जनपद में तैनात समस्त फर्मो द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें समस्त फर्मो को 15–15 दिन का वर्कप्लान उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था जिसमें केवल 15 दिन का ही वर्कप्लान उपलब्ध कराया गया उसके पश्चात को वर्कप्लान उपलब्ध क्यो नही कराया गया तथा 30 दिनो का वर्क प्लान प्राप्त करते हुये पूर्ण कराना सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0/मै0 जी0ए0 बाबा)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में कार्यरत मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0 के द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन कोलकी कलां में पेयजल योजनाओं में बी0ओ0ई0 टाईल्स नही बनाई गयी जिसको पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0 )**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में कार्यरत मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 के द्वारा दिये गये वर्क प्लान के अनुसार 13 योजनाओं के सापेक्ष मात्र 5 नग योजनाओं में नियमित जलापूर्ति नही की गयी है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0)**

- आज दिनांक 09.12.2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय व मुख्य अभियन्ता महोदय (मे0क्षे0) मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से विकास खण्ड रामपुर मनिहारन की देहरी पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिमसें 04 ग्रामों के सापेक्ष 03 ग्राम का कार्य पूर्ण नही पाया गया। जबकि जल जीवन मिशन के पोर्टल पर टी0पी0आई0 द्वारा सत्यापित करते हुये सड़क पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यो को पूर्ण दिखाया गया है जोकि एडवांस रिपोर्टिंग किया जाना दर्शाया है जिसमें टी0पी0आई0 को निर्देश दिये गये कि JJM पोर्टल पर वास्तविकता के आधार पर डाटा Upload किया जाये एवं की जा रही जलापूर्ति क्लोरीन युक्त नही की जा रही है।

  **(मुख्य विकास अधिकारी/कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जे0वी0)**

- संयुक्त निरीक्षण में TPI द्वारा Advance Reporting की गयी तत्क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रकरण संज्ञान में आने के उपरांत सभी 1105 राजस्व ग्राम के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता से प्राप्त अभिलेखों से स्पष्ट है कि TPI द्वारा 544 राजस्व ग्राम का सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण दिखाया गया है परन्तु सहायक अभियन्ता द्वारा 270 राजस्व ग्राम सत्यापित है जिससे स्पष्ट है कि TPI द्वारा Advance Reporting की गयी है।

  **(कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी/ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी )**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त फर्जी Reporting के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही हेतु प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को पत्राचार करें।

  **(कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी/ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम )**

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\3

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये दिशानिर्देश :–

- एक माह से पूर्व तोड़ी/काटी गई सड़को को शीघ्र ही माइक्रो प्लानिंग के साथ मानव क्षमता बढाते हुये सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराये।
- पेयजल योजनाओं में की जा रही है पेयजलापूर्ति क्लोरीन युक्त की जायें।
- यदि निर्माण कार्य कराने में किसी स्तर पर समस्या हो रही है तो अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से अवगत कराये जायें।
- समस्त फर्मो द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं मे प्रत्येक 15 दिवस का लक्षित वर्क प्लान प्रस्तुत कर कार्यो को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

for (भवर सिंह)
मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0
सहारनपुर

20.12.2024
(अशोक शर्मा)
मै0 for एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0
सहारनपुर

for Dist-DPM 20/12/24
(शीलम शंकर)
टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् **(TPI)**,
सहारनपुर

(विनीत अग्रवाल)
मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)
सहारनपुर

20.12.24
(योगेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

20/12/24
(सुमित राजेश महाजन)
मुख्य विकास अधिकारी,
सहारनपुर

(मनीष बंसल)
जिलाधिकारी,सहारनपुर

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\4

Scanned with OKEN Scanner